>

Title: Regarding restrictions imposed in the movement of public by the Defence authorities in Bareilly Cantonment area, Uttar Pradesh.

श्री संतोष गंगवार (बरेली): सभापति महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र बरेली शहर के मध्य में छावनी क्षेत्र है। अभी तीन-चार दिन पहले करीब चार प्रमुख मार्गों को आम यातायात के लिए सैन्य प्रशासन ने बंद कर दिया। उनमें एक मार्ग बरेली जंक्शन को जाता था, दूसरा राष्ट्रीय राजमार्ग को जाता था और तीसरा मार्ग दो-तीन स्कूलों की ओर जाता था। इन मार्गों को सैन्य प्रशासन ने बिना किसी पूर्व सूचना और बिना किसी कारण के बंद कर दिया। इससे आम लोगों को आने-जाने में काफी असुविधा हो रही है। इससे पहले भी एक-दो मार्गों को उन्होंने इसी तरह बंद कर दिया था। जब हमने लोक सभा में यह मामला उठाया तो वहां के लोगों को राहत मिली। मेरा रक्षा मंत्री जी से आग्रह है कि इस पर ध्यान दिया जाए। उस छावनी क्षेत्र में 30,000 के करीब सिविल नागरिक भी रहते हैं। इससे छावनी के आसपास के लोगों को काफी असुविधा हो रही है। वहां पर एक दरगाह भी है, जहां हजारों की तादाद में, विशेषकर शुक्रवार को लोग आते हैं। लेकिन सैन्य प्रशासन इन दिक्कतों की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। मैं कल रात बरेली में था। मैंने स्वयं जाकर देखा कि वहां सेना के लोग मौजूद थे। वे हर आने-जाने वाले को रोक रहे थे। मुझे भी उन्होंने उस रास्ते से जाने से मना किया, जबकि सामरिक दृष्टि से भी उसका इतना महत्व नहीं है। मेरी रक्षा मंत्री जी से प्रार्थना है कि सेना की इस हठधर्मिता वाले रवैये को रोका जाए और इन मार्गों को तत्काल खोलने का निदेश दिया जाए।